पत्रिका

# स्टूडेंट्स ने ग्लोबल इकोनॉमी की बारीकियों को समझा

**पत्रिका ब्यूरो**
patrika.com

**नई दिल्ली.** ग्रेटर नोएडा के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर व्यावहारिक चर्चाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित 'हर्मीस डायलॉग 5.0' का आयोजन किया। 'कंट्रीज रेस्ट्रिक्ट ट्रेड एंड एक्सेस टू क्रिटिकल मिनरल्स टू अचीव क्लाइमेट गोल्स' थीम पर केंद्रित इस कार्यक्रम में ग्लोबल इकोनॉमी और सस्टेनेबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। निर्णायक मंडल में भारतीय उद्योग परिसंघ में व्यापार नीति प्रभाग की डायरेक्टर डॉ. स्वाति सिंह और डाइकिन एयर-कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ओवरसीज बिजनेस के जनरल मैनेजर जयंत जावा शामिल थे।

बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव ने कहा कि उन्होंने छात्रों के समग्र विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। हर्मीस डायलॉग एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और जलवायु नीति की बारीकियों को समझने में मदद करने के लिए पारंपरिक कक्षा प्रणाली से भी परे जाता है। इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों को वर्तमान मुद्दों में शामिल करना और उनमें समकालीन मामलों की गहरी समझ विकसित करना है। इस बौद्धिक रूप से विचारोत्तेजक प्रतियोगिता में 3 आकर्षक दौर हुए।



05/12/2024 | New Delhi | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/